Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to develop a waterway connecting Thane-Navi Mumbai-Mumbai.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): केन्द्र सरकार ने सड़क मार्ग पर ट्रैफिक जाम से आम नागरिको को होने वाली परेशानियों से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से ठाणे-नवी मुम्बई- मुम्बई को जोड़ने वाला एक जलमार्ग को सैंद्धांतिक रूप से मंजूरी प्रदान की थी। 93 कि.मी. के इस जलमार्ग में 18 हॉल्ट बनाए जाने का निर्णय लिया गया था। ठाणे और नवी मुम्बई के बीच साकेत, कलवा, विटावा, बेलपुर, तालोजा जूईगाँव, पनवेल, जेएनपीटी और मोरा में हॉल्ट बनाने के निर्णय लिया था। इन हॉल्ट में फ्लोटिंग जेट्टी के माध्यम से फेरी तक पहुँचने की व्यवस्था की गई है। इस पूरे प्रोजेक्ट में माननीय शिपिंग मंत्री ने विशेष रूचि लेकर पूरा करने का संकल्प दिया था। मेरा माननीय मंत्री महोदय से निवेदन है कि इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने की कृपा करे। चूँकि यहाँ फ्लोटिंग जेट्टी के माध्यम से फेरी तक पहुँचने की व्यवस्था की जाएगी इस कारण पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा और यह मुंबई नवी मुंबई और थाने जिले के आम लोगों के लिए अधिक फायदेमंद होगा।